अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस टीम का अभूतपूर्व प्रदर्शन पर राजस्थान पुलिस अकादमी में स्वागत

पुलिस कॉम्पलेक्स भोंडसी, गुरूग्राम, हरियाणा में दिनांक 05.02.2020 से 14.02.2020 तक आयोजित की गई 38वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं माउण्टेड पुलिस ड्यूटी मीट में राजस्थान पुलिस की टीम नें अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए राज्यों में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस टीम ने विभिन्न स्पर्द्धाओं में भाग लेते हुए पाँच स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य पदक सहित कुल ग्यारह पदक जीते हैं। इसके साथ ही इस टीम ने पाँच ट्रॉफियां एवं तीन विशिष्ट पदक भी हासिल किये हैं।

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय पुलिस संगठनों एवं विभिन्न राज्यों की कुल 16 टीमों एवं 289 घोड़ों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन माननीय श्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा किया गया था। राजस्थान पुलिस की टीम इस प्रतियोगिता के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही थी। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी निरन्तर इस टीम की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इसी प्रेरणा एवं टीम की कड़ी मेहनत का परिणाम सामने आया है।

राजस्थान पुलिस की टीम के श्री भागचन्द कानि0 1278, ने शो जम्पिंग सिक्स बार ऑपन प्रतिस्पर्द्धा में स्वर्ण पदक के साथ अलवर ट्रॉफी, शो जम्पिंग ऑपन में स्वर्ण पदक के साथ एम0पी0 पुलिस ट्रॉफी, वनडे इवेन्ट ऑपन व्यक्तिगत प्रतिस्पर्द्धा में स्वर्ण पदक के साथ नागालैण्ड ट्रॉफी, मेंटल हजार्ड टेस्ट में स्वर्ण पदक के साथ लाला बी0के0 देव ट्रॉफी जीती। इसके साथ ही श्री भागचन्द ने बेस्ट राईडर की मेवाड़ चैलेंज ट्रॉफी पर भी अपना कब्जा जमाया। जैनी घोड़ी ने बेस्ट हॉर्स की चेतक ट्रॉफी जीती। यहां यह उल्लेखनीय है कि बेस्ट हॉर्स एवं बेस्ट राईडर की ट्रॉफी दूसरी बार राजस्थान के प्रतिभागियों द्वारा जीती गई है। पहली बार रनर अप ट्रॉफी राजस्थान पुलिस द्वारा जीती गयी।

राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक अपने नाम कर चुके श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 98 ने ड्रेसाज टेस्ट मिड़ियम व्यक्तिगत प्रतिस्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता। आई.जी.पी. श्री रूपिन्दर सिंघ द्वारा ऑपन हेक्स इवेन्ट प्रतिस्पर्द्धा में रजत पदक, श्री महेश कुमार कानि0 91 ड्रेसाज टेस्ट नॉविस व्यक्तिगत प्रतिस्पर्द्धा में रजत पदक, श्री भाग चन्द कानि0 1278 ने वनडे इवेन्ट नॉविस व्यक्तिगत प्रतिस्पर्द्धा में रजत पदक, श्री मुकेश कुमार कानि0 88 ने शो जम्पिंग नॉविस नॉरमल व्यक्तिगत प्रतिस्पर्द्धा में कांस्य पदक, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 98 ने सिक्स बार ऑपन में कांस्य पदक, श्री मुकेश कुमार सईस ने सईस प्रतिस्पर्द्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री दुष्यन्त चोटाला, उप मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार ने राजस्थान की टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। राजस्थान टीम के मैनेजर श्री सुनील कुमार, कम्पनी कमाण्डर, राजस्थान पुलिस अकादमी ने मुख्य अतिथि से ट्रॉफियां प्राप्त कर टीम द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत की जानकारी दी।

राजस्थान पुलिस के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए श्री हेमन्त प्रियदर्शी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक ने पूरी टीम का अकादमी में भव्य स्वागत किया एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।